Bareilly, Monday,
31 October 2022
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

जीत-हार जीवन का अभिन्न अंग : एडीजी

अवार्ड पा कर खुशी से खिल उठे विनर्स के चेहरे.

एसआरएमएस सीईटी में 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप का समापन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 Oct): श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रविवार को 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप 2022 का समापन हुआ. समापन समारोह में एडीजी राजकुमार और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक, चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किया. सभी कैटेगिरी के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से 50 हजार रुपये, यूपी टीटी एसोशियेशन की ओर से तीस हजार रुपये, स्टेग इंटरनेशनल मेरठ की ओर से 20 हजार रुपये प्रदान किए गए, निहाल सिंह मैमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार रुपये एवं विवेक प्रसाद मैमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार रुपये की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया.

प्लेयर्स को दी शुभकामनाएं

एडीजी ने विजेताओं सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट लगातार अपना योगदान देता आया है. बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रस्ट द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने खिलाड़ियों को जीत- हार से जीवन में सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि जीत हार जीवन का अभिन्न अंग है यह हमेशा आगे बढ़ने का मौका देती है. देवमूर्ति जी ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा.दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट के डायरेक्टर एनके लहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव आदि रहे.

हुए रोमांचक मुकाबले

यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन में बरेली टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को हराया.